बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1
(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक–   दिनांक..............................

सेवा में,

सचिव,
कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग,
बिहार, पटना ।

विषयः– श्री मंजरूल आलम, बि०प्र०से० (वरीय वेतनमान) को सचिवालय में समकक्ष पद पर पदस्थापित करने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक श्री आलम का अभ्यावेदन संलग्न करते हुये संघ का यह अनुरोध होगा कि इनके कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुये इन्हें सचिवालय स्तर पर समकक्ष पद पर पदस्थापित करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,

ह०/–
(विपिन कुमार सिंहा)
महासचिव,

ज्ञापांक– 47   बि०प्र०से०संघ, पटना, दिनांक– 31/01/2007.

प्रतिलिपि, श्री मंजरूल आलम, बि०प्र०से०, कनीय प्रवर कोटि उपसमाहर्त्ता को सूचनार्थ प्रेषित ।

31/1/07

(विपिन कुमार सिंहा)
महासचिव

दिनांक - 26/10/07

सेवा में,

सचिव,

कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग,

बिहार, पटना।

विषय:- सचिवालय स्तर पर पदस्थापन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सादर निवेदन है कि मेरी सेवा पंचायती राज्य विभाग बिहार, पटना को सौंपी गई है। किन्तु आज तक मेरी पदस्थापना नहीं की गई, जिसके कारण लगभग दो माह से मैं पदस्थापन की प्रतीक्षा में हूँ। साथ ही घोर आर्थिक तंगी से गुजर रहा हूँ। जिस कारण भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

मैंने पूर्व में भी एक अभ्यावेदन दिया था कि मेरी सेवा निवृति दिसम्बर, 2008 में होनी है। ऐसी परिस्थिति में सरकारी प्रावधानों के अनुसार मेरा अनुरोध है कि मेरा पदस्थापन सचिवालय स्तर पर किसी सक्षम पद पर करने की कृपा की जाय। मुझे ज्ञात हुआ है कि सचिवालय में अवर सचिव के कई पद रिक्त हैं। मैं मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित हूँ तथा उसकी चिकित्सा पटना में करा रहा हूँ।

अत: उपरोक्त तथ्यों के आलोक में मेरे अभ्यावेदन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए मेरा पदस्थापन सचिवालय में किसी सक्षम रिक्त पद पर करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

ह0/-

{मो0 मंजरूल आलम}

कनीय प्रवर कोटि उपसमाहर्त्ता

अनु0:- चिकित्सक का चिकित्सा प्रमाण-पत्र की छाया प्रति।

प्रतिलिपि- अध्यक्ष, बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

26/10/07

{मो0 मंजरूल आलम}

कनीय प्रवर कोटि उपसमाहर्त्ता